प्रिय पूर्व छात्र और म.द. विश्वविद्यालय रोहतक परिवार के सदस्य।

जैसा कि आप सब जानते है कि कोरोना वायरस दिन प्रतिदिन विश्व में अपने पांव पसार रहा और भारत भी इससे अछूता नहीं है। यह वायरस व्यक्ति से व्यक्ति में फैलता है इसलिए आप सब से विनम्र आग्रह है कि आप अपने घर पर ही रहे । घर से बाहर तब तक न निकलें जब तक की कोई इमरजेंसी न हो। इस महामारी से बचने के लिए विभाग तथा सरकार द्वारा समय समय पर जो सावधानियां बताई जाती है उसका सख्ती से अनुपालन करें। यह हमारे जीवन के लिए जरूरी भी और मानवता के लिए हमारा कर्तव्य भी।

इसके अलावा एक जागरूक नागरिक होने के नाते हमारा एक कर्तव्य बनता है कि हम अपने परिवार, सगे संबंधियों और अपने आसपास रहने वालों को भी इसके लिए जागरूक करे।

आप हमारे विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र है हमें आपकी उपलब्धियों पर गर्व है । आप हमारे लिए ही नहीं अपने परिवार, समाज तथा देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

घर पर ही रहें।अपना तथा अपने परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें।
सुरक्षित रहें ।

हम सब मिलकर निश्चित रूप से इस कोरोना महामारी से जीतेंगे । आशा है आप इसमें सहयोग ही नहीं एक कदम आगे चलेंगे ।

जय हिन्द जय भारत।

हार्दिक शुभकामनाएं के साथ।

म.द. विश्वविद्यालय रोहतक परिवार।